चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक ....1-4-2019.... पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....1-6....

सम्मान

मुख्य अतिथि डॉ. केएस ग्रेवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए प्रशंसा की

वार्षिक समारोह में अभिषेक व अमित बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक शिविर में अभिषेक और अमित गोयल को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. केएस ग्रेवाल मुख्य अतिथि थे, जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. धर्मपाल नांदल विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि डॉ. ग्रेवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. डीएस दहिया ने व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए एनएसएस को अति आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में सेवाभाव जागृत होता है।

डॉ. धर्मपाल नांदल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की और संपूर्ण एनएसएस इकाई को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के अध्यक्ष डॉ. भगत सिंह ने इकाई की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि इकाई ने राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ इकाई का पुरस्कार जीता है। इसके अतिरिक्त नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में इकाई के दो स्वयंसेवकों का चयन हुआ और नेशनल इंटिग्रेशन कैंप में भी इस इकाई ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर वर्षभर एनएसएस में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतपाल, विरेंद्र व आदि उपस्थित थे।

सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवकों को पुरस्कृत करते कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. केएस ग्रेवाल।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक ..1.4.2019.. पृष्ठ सं. ..17.. कॉलम ..1-5..

आयोजन एचएयू के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का वार्षिक शिविर आयोजित

अभिषेक और अमित बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक शिविर में अभिषेक और अमित गोयल को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान कृषि महाविद्यालय के डीन डा. केएस ग्रेवाल मुख्य अतिथि थे। छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डा. धर्मपाल नांदल विशिष्ट अतिथि थे। मुख्य अतिथि डा. ग्रेवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

एचएयू में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते कृषि महाविद्यालय के डीन डा. केएस ग्रेवाल व अन्य अधिकारी।

एचएयू में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते कृषि महाविद्यालय के डीन डा. केएस ग्रेवाल। ● जागरण

डा. डीएस दहिया ने व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए एनएसएस को अति आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में सेवाभाव जागृत होता है। डा. धर्मपाल नांदल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की और संपूर्ण एनएसएस इकाई को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के अध्यक्ष डा. भगत सिंह ने इकाई की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि इकाई ने राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ इकाई का पुरस्कार जीता है। इसके अतिरिक्त नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में इकाई के दो स्वयंसेवकों का चयन हुआ और नेशनल इंटिग्रेशन कैंप में भी इस इकाई ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस अवसर पर वर्षभर एनएसएस में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर........

दिनांक 1.4.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 8

एचएयू के अभिषेक व अमित गोयल सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

हिसार| एचएयू के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक शिविर में अभिषेक और अमित गोयल को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. के.एस. ग्रेवाल मुख्य अतिथि थे जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. धर्मपाल नांदल विशिष्ट अतिथि थे।